मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 111 ■ रविवार, 14 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# खतरे के निशान तक पहुंची वालधुनी

## उल्हासनगर में मूसलाधार बारिश से कई जगहों पर जलजमाव, 3 पेड़ गिरे





### ■ कैम्प-4 में लोगों के घरों में घुसा पानी

**उल्हासनगर.** लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर पानी भर गया है और मद्रासी पाड़ा में कुछ लोगों के घरों में पानी घुस गया है. वहीं वालधुनी नदी खतरे के निशान पर पहुंच गई है और बिड़ला गेट समेत अन्य स्थानों पर 3 पेड़ गिर गए हैं. उल्हासनगर में सुबह से ही लगातार बारिश हो रही है और कैंप नंबर-4 स्थित मद्रासी पाड़ा में नाले का पानी ओवरफ्लो हो गया और कुछ घरों में पानी घुस गया. महिलाओं का आरोप है कि अवैध निर्माण के कारण घर में पानी घुस गया है. वहीं गुलशननगर के शांतिनगर, आईटीआई कॉलेज, गोलमैदान, राहुलनगर समेत अन्य निचले इलाकों में बारिश का पानी भर गया है. आपात्कालीन विभाग के प्रमुख यशवंत सगळे ने बताया कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में तीन पुराने पेड़ गिरे हैं.

उल्हासनगर कैंप 4 स्टेशन रोड मद्रासी पाड़ा में कल रात से हो रही बारिश के कारण नागरिकों के घरों में पानी घुसने से नागरिकों को भारी परेशानी हुई. नाला उफान पर होने से पानी नागरिकों के घरों में घुस गया. लोगों का आरोप है कि मनपा प्रशासन को बार-बार शिकायत की गई लेकिन ठेकेदार द्वारा अपने मनमाने तरीके से नाले की ठीक से सफाई नहीं की गई, इस क्षेत्र के नागरिकों ने मनपा प्रशासन और ठेकेदार पर आरोप लगाया है कि बार-बार कहने के बाद भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया, अगर तत्काल कोई समाधान नहीं हुआ तो इस क्षेत्र के निवासियों को महामारी का सामना करना पड़ सकता है.

### ■ मनपा ने दी सतर्क रहने की चेतावनी

शहर के मध्य में बहने वाली वालधुनी नदी खतरे के निशान तक पहुंच गई है और मनपा ने नदी के किनारे के नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है. अगर बारिश इसी तरह जारी रही तो नदी किनारे के घरों में पानी घुसने की आशंका है.

### ■ कल्याण-डोंबिवली में भारी बारिश



कल्याण डोंबिवली शहरी क्षेत्र में भारी बारिश जारी है. इस बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है. लगातार बारिश के कारण सड़क पर ट्रैफिक कम हो गया है. बाजारों में आवाजाही कम हो गई है. भारी बारिश के कारण शनिवार सुबह कल्याण पश्चिम के जोशी बाग में रुबाब बानो की बेहद खतरनाक इमारत की दीवार गिर गई. इमारत में किसी के न रहने से हादसा टल गया। मनपा अधिकारियों ने दिन में जेसीबी की मदद से इमारत को ढहा दिया। मानसून पर्यटन पर जाने वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बारिश के कारण उल्हास, कालू, भातसा नदियों का जलस्तर बढ़ गया है.

### ■ उल्हास नदी का बढ़ा जलस्तर

अंबरनाथ, बदलापुर और आसपास के इलाकों में शनिवार सुबह से भारी बारिश हो रही है। कुछ-कुछ देर में अचानक, मूसलाधार बारिश हो रही था। इससे नागरिक त्राहि-त्राहि कर रहे थे। शहरों के साथ-साथ कल्याण तालुका, मुरबाड तालुका के ग्रामीण इलाकों में भी भारी बारिश होती रही। शनिवार को बारवी बांध क्षेत्र में भी अच्छी बारिश हो रही थी. वहीं रायगढ़ जिले के माथेरान, कर्जत इलाकों में अच्छी बारिश के कारण उल्हास नदी का जलस्तर बढ़ गया है.

# बीमारी से परेशान वृद्ध ने खुद को गोली मारी

### ■ अस्पताल में उपचार जारी

### ■ विठ्ठलवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में घटी घटना







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में शनिवार की सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आयी है जहां बीमारी से परेशान एक 60 वर्षीय वृद्ध ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया है। यह घटना कैम्प 4 शिवनगर में घटी है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 12 जुलाई की रात 12.30 बजे विठ्ठलवाड़ी पुलिस क्षेत्र के कैम्प 4 शिवनगर शिवसेना शाखा के पास की एक इमारत के निवासी 62 वर्षीय जगदीश चव्हाण ने अपने घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया है।

60 वर्षीय जगदीश चव्हाण अपने परिवार के साथ कैंप नंबर 4 इलाके में रहते हैं। उनके दोनों बेटों का बोतलबंद पानी बेचने का कारोबार है। कोरोना काल के बाद से चव्हाण शारीरिक बीमारी से जूझ रहे थे. शनिवार की सुबह जब घर पर कोई नहीं था तो चव्हाण ने पास में रखी पिस्तौल से सीने और पेट के बीच में गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया.

हालांकि, उनकी गंभीर हालत के चलते बाद में उन्हें मुंबई शिफ्ट कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विठ्ठलवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा किया. सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली ने बताया कि आत्महत्या करने की कोशिश का सटीक कारण जांच में पता चलेगा. विठ्ठलवाड़ी पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# अंबरनाथ जलापूर्ति योजना के लिए 258 करोड़ रुपए मंजूर

### ■ विधायक डॉ. बालाजी किणीकर का सफल प्रयास

▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के प्रयास से राज्य सरकार ने अंबरनाथवासियों के लिए जलापूर्ति योजना की भेंट दी है. केंद्र के अमृत योजना के माध्यम से अंबरनाथ नगर परिषद क्षेत्र के लिए 258 करोड़ 29 लाख रुपए की जलापूर्ति योजना को प्रशासकीय मान्यता दी गई है. इसलिए अंबरनाथ की जल वितरण व्यवस्था अब मजबूत होगी.

अंबरनाथ में पानी की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है. शहर को उल्हास नदी के बैरेज डैम, एमआईडीसी और शहर के चिखलोली डैम से जलापूर्ति, मजीप्रा द्वारी की जाती है. नगर विकास विभाग ने 258.29 करोड़ रुपयों की जलापूर्ति योजना को प्रशासकीय मान्यता दी है. ये निधि अंबरनाथ शहर को जलापूर्ति करने वाली यंत्रणा को सक्षम किया जाएगा. इससे जलस्त्रोत के पास दो जल कुएं बनाए जाएंगे. जलशुद्धीकरण केंद्र, उसके लिए आवश्यक बिजली उपकेंद्र, 6 पंपिंग यंत्र, जलकुंभ, वितरण व्यवस्था के लिए 167 किलोमीडर की जलवाहिनी होगी.

केंद्र के अमृत योजना चरण-2 में से केंद्र, राज्य सरकार और महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण इन तीनों की भागीदारी से इस योजना को पूरा किया जाना है.

स्थानीय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने कहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस व अजित पवार, जलापूर्ति मंत्री, गुलाबराव पाटिल के कारण ये योजना पूरी होगी. उन्होंने सांसद श्रीकांत शिंदे का भी आभार व्यक्त किया है. शहर के स्थानीय नेताओं, सुनिल चौधरी, प्रमोद कुमार चौबे, अब्दुल भाई शेख, सुभाष सालुंखे आदि ने कहा है कि इस योजना के पूर्ण होने से शहर के लोगों को लाभ मिलेगा.

# 'महिलाओं की शिकायत दर्ज करने में पुलिस को झिझक नहीं होनी चाहिए'



### ■ NCP प्रदेश महासचिव सोनिया धामी की मांग!

**उल्हासनगर.** सैलून में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट, मारपीट, धमकी और छेड़छाड़ की घटना कुछ दिन पहले उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई थी। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने पहले अदखलपात्र अपराध दर्ज किया और बाद में संज्ञेय अपराध दर्ज किया. हालांकि, इसके बाद भी पुलिस ने आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने में तत्परता नहीं दिखाई. जिसके बाद NCP (AP) प्रदेश महासचिव सोनिया धामी इस मामले को राज्य महिला आयोग तक ले गई.

NCP (AP) प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने महिला सुरक्षा और पुलिस की उदासीनता पर चर्चा के लिए पुलिस उपायुक्त से मुलाकात की। उस समय उनके साथ जिला अध्यक्ष भरत राजवानी, अनिल धमेजानी और सचिन मेंघानी पदाधिकारी थे। धामी ने कहा कि पुलिस उपायुक्त की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही.

ठाणे पुलिस परिमंडल-4 के उपायुक्त सुधाकर पठारे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीतदादा) की राज्य महासचिव सोनिया धामी को आश्वासन दिया है कि सभी पुलिस स्टेशनों को महिलाओं के खिलाफ अन्याय और दुर्व्यवहार की शिकायतों को प्राथमिकता पर और बिना देरी के रिपोर्ट करने का निर्देश दिया जाएगा। .

विदित हो कि 8 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था सोनिया धामी की गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला एजेंडा-2024 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की कई महिलाओं ने पुलिस के असहयोग का मुद्दा उठाया। महिलाओं ने शिकायत की कि पुलिस ने शिकायत दर्ज करने में आनाकानी की और समय लिया। सवाल उठता है कि ललिता कुमारी मामले में मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय दिशा-निर्देशों का क्या हुआ? इसी मुद्दे को लेकर सोनिया धामी पुलिस उपायुक्त से मिलीं थी.

# उल्हासनगर कांग्रेस का अनशन रंग लाया

### ■ मनपा प्रशासन ने मानी मांगें



**उल्हासनगर.** कांग्रेस शहर अध्यक्ष रोहित साल्वे ने जानकारी दी है कि डंपिंग हटाने की मांग को लेकर उल्हासनगर शहर कांग्रेस की ओर से की गई भूख हड़ताल सफल रही और महानगर पालिका ने मांगें मान लीं और भूख हड़ताल समाप्त कर दी गई. 10 जुलाई से उल्हासनगर कांग्रेस की ओर से डंपिंग हटाओ की मांग को लेकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष रोहित साल्वे की अध्यक्षता में नेताजी चौक पर आमरण अनशन शुरू किया गया था. उल्हासनगर-5 में पिछले सात वर्षों से अनाधिकृत डंपिंग ग्राउंड को हटाने की प्रक्रिया कब शुरू की जाएगी, नए डंपिंग ग्राउंड को जहां स्थानांतरित किया जा रहा है, उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी, साथ ही डंपिंग ग्राउंड को कम करने के उपायों की योजना डंपिंग के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा को देखते हुए डंपिंग स्थल को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की गयी. विधान भवन में चल रहे सत्र के दौरान, राज्य के विपक्षी नेता विजय वड्डेटीवार ने उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख को इस मुद्दे को सुलझाने का निर्देश दिया। मनपा प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया है कि नए डंपिंग ग्राउंड का निर्माण किया जाएगा और उल्हासनगर 5 में घनकचरा का डंपिंग दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा और नए डंपिंग ग्राउंड की वर्तमान स्थिति के बारे में एक फोटो और दस्तावेज दिया है। इसके बाद अनशनकारी सभी अधिकारियों को उल्हासनगर 5 स्थित डंपिंग ग्राउंड स्थल पर ले गए और नागरिकों को होने वाली समस्याओं को दिखाया और इन समस्याओं को कम करने के लिए किए जाने वाले उपायों पर चर्चा की. अपर आयुक्त डॉ. किशोर गवस, नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी ने मांगों पर सहमति जताते हुए पत्र दिया और भूख हड़ताल समाप्त की।

## सड़क हादसे में पत्नी की मृत्यु पति जख्मी

**भिवंडी.** वंजारपट्टी नाका स्थित फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने एक एक्टिवा सवार को पीछे से टक्कर मार दी. एक्टिवा पर पीछे सवार महिला की घटनास्थल पर मौत व पति गंभीर जख्मी हो गया. जैतून पुरा मंगल बाज़ार स्लैब निवासी शहबाज मुमताज अंसारी व उनकी पत्नी तहसीन शहबाज अंसारी दोनों एक्टिवा से देर रात्रि वाडा जा रहे थे. वंजारपट्टी नाका स्थित फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मारी जिससे शहबाज का एक्टिवा से संतुलन खो दिया और बीच सड़क पर एक्टिवा लेकर गिर पड़ा. उसी दौरान अज्ञात वाहन जमीन पर गिरी पत्नी तहसीन अंसारी को रौदते हुए निकल गया.

# मुझे बदनाम करके मेरा व्यापार बंद करने की साजिश कर रहे हैं कुछ नेता : विश्वनाथ पनवेलकर

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के प्रख्यात उद्योगपति विश्वनाथ पनवेलकर को और उनके व्यापार के बारे में गैरसमझ उत्पन्न करने का कार्य कुछ राजकीय बड़े नेता कर रहे हैं. विश्वनाथ पनवेलकर ने शनिवार को एक पत्रकार परिषद का आयोजन करके पत्रकारों को बताया कि बदलापुर के नजदीक ग्रुप ग्राम पंचायत चामटोली में चिंचवली और कोपल्याचीवाड़ी के आदिवासियों को लेकर कुछ नेता दिशाभूल कर रहे हैं. और ये अफवाह फैलाई जा रही है कि उनके द्वारा यहां चलाए जा रहे स्टोन क्रशर खदान के कारण आदिवासी गांववासियों की जान खतरे में है और यहां पर बहुत बड़ा हादसा हो सकता है, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है. वह यहां पर गत 15 वर्षों से शासन की परमीशन लेकर करोड़ों रुपए रॉयल्टी भरकर गांव के अनेक युवकों को रोजगार देकर क्रशर चला रहे हैं. जबकि कोप-याची वाड़ी में जहां आदिवासी समाज के लोग घर बसा कर रहते हैं, वह उनके मालकी की स्वतः की जगह है. वह अपने स्टोन क्रशर से गांववासियों को पानी भी देते हैं. महाराष्ट्र सरकार ने ये जगह के लिए माइनिंग प्लान भी मंजूर किया है.



ठाणे जिलाधिकारी से पनवेलकर ने 2048 तक का पर्यावरण अनुमति भी लिया है. प्रदूषण नियंत्रण मंडल का आदेश भी उनके पास है. विस्फोटक के लिए विस्फोटक नियंत्रण अधिकारी से परवाना भी लिया गया है. उनकी ये जगह इको सेंसिटीव जोन में भी नहीं आती है. मेरी बदनामी करके मेरी प्रतिमा को कुछ नेता मलिन कर रहे हैं. समाज एवं प्रसार माध्यम से गलत अफवाह फैलाकर शासन की दिशाभूल की जा रही है. ऐसा उनका कहना है.

उन्होंने जिलाधिकारी, तहसीलदार, वन विभाग को शिकायती पत्र भी दिया है. मुझे बदनाम करके मेरे व्यापार को बंद करने की साजिश की जा रही है. लेकिन मेरे पास सभी प्रकार के परमीशन हैं और मेरे स्टोन क्रशर से किसी को नुकसान नहीं होने वाला है. ऐसा विश्वनाथ पनवेलकर ने कहा है.

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने बंद किए गड्ढे

## शहर पूर्व में वैभव होटल के पास गड्ढों के कारण हो रहा था ट्रैफिक जाम

### ■ ट्रैफिक पुलिस ने किया नगर परिषद का काम

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में वैभव होटल के पास एवं चौक पर सड़क पर हुए गड्ढों को अंबरनाथ यातायात पुलिसकर्मियों ने जेसीबी की मदद से खड़ी पत्थर डालकर बंद किया है. यहां सड़क पर एक बड़ा गड्ढा होने से वाहनों की रफ्तार कम होने से ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही थी. गत कई दिनों से वैभव होटल के पास सड़क कांक्रीटीकरण का कार्य चल रहा है. यहां के चौक से एक रास्ता आनंद नगर एमआईडीसी को जाता है. ये कार्य अंबरनाथ नगर परिषद का है किंतु नपा प्रशासन, बांधकाम विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण शनिवार को 7 से 8 ट्रैफिक पुलिस ने गड्ढा बंद करने का काम अपने हाथों में लिया. जेसीबी की सहायता से छोटे बड़े गड्ढों को खड़ी डालकर बंद किया गया. जिसकी निगरानी पुलिसकर्मियों ने करके ठेकेदार द्वारा छोड़े गए अधूरे सड़क पर इस बारिश में हुए गड्ढों को बंद किया गया. बारिश में भीगते हुए पुलिसकर्मियों ने ये कार्य किया है, जिसकी सराहना शहरवासी एवं वाहन चालक कर रहे हैं.

# जेल से सीधे वोट डालने पहुंचे बीजेपी MLA गणपत गायकवाड़

### ■ MVA ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल



**मुंबई.** महाराष्ट्र में शुक्रवार (12 जुलाई) को विधान परिषद की कुछ सीटों को लेकर मतदान कराया जा रहा है. इसमें बीजेपी के विधायक गणपत गायकवाड़ वोट डालने विधान भवन पहुंच गए, जिससे विवाद हो गया है. पुलिस थाने में गोली चलाने के एक मामले में गणपत न्यायिक हिरासत में हैं. इसके बावजूद वह वोट डालने पहुंचे, जिसका कांग्रेस समेत एमवीए के दलों ने विरोध किया है.

बता दें कि गणपत ने वोट डालने के लिए आवेदन डाला था. गणपत गायकवाड़ को अब भी चुनाव आयोग का इंतजार है. केंद्रीय चुनाव आयोग के फैसले पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं. चुनाव आयोग का जवाब मिलने के बाद गणपत गायकवाड़.मतदान करेंगे. कांग्रेस ने मामले में शिकायत की थी, जो कि आगे चुनाव आयोग को भेजी गई थी. गणपत गायकवाड़. मतदान केंद्र के बाहर इंतजार कर रहे हैं.

### अंबादास दानवे ने कहा- हमारे साथ हुआ अन्याय

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि यह सत्ता का दुरुपयोग है. सत्ता कहां तक पहुंच जाए, न्यायपालिका पर कुछ नहीं बोल सकते. एक के साथ एक न्याय और एक के साथ अन्याय देखा जा रहा है. अनिल देशमुख पर आरोप लगे थे. अनिल देशमुख को वोट नहीं डालने दिया गया. गणपत गायकवाड़.को अपनी ही बंदूक से गोली चलाते हुए पूरी दुनिया ने देखा है. अंबादास दानवे ने कहा कि अगर गणपत गायकवाड़.को वोट देने की इजाजत दी गई तो यह सत्ता का दुरुपयोग है.

# महिला की गैंग रेप के बाद हत्या, 3 गिरफ्तार

**कल्याण.** कल्याण तालुका के मौजे शिलगांव में 30 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है. पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की पहचान श्यामसुंदर प्यारचंद शर्मा (62), संतोषकुमार रामयज्ञ मिश्रा (45) और राजकुमार रामफेर पांडे (54) के रूप में हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक महिला घरेलू विवाद के कारण मानसिक तनाव में थी. इसी तनाव के बीच वह 6 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे मौजे शिलगांव के घोल गणपति इलाके में आईं. वह पूरी रात इसी इलाके में थी. इस महिला को श्यामसुंदर, संतोषकुमार और राजकुमार ने देखा था. उसका फायदा उठाने के लिए तीनों ने उसकी चाय में गांजे की गोलियां मिलाकर उसे पिला दी। चाय पीने के बाद उसे भांग का नशा हो गया. उसके अकेलेपन का फायदा उठाकर इन तीनों ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया. महिला को होश आने के बाद वह चिल्लाई और भागने की कोशिश की. लेकिन, इन तीनों आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की और उसका सिर जमीन पर मारकर और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी.



### ■ कैसे हुई मृत महिला की पहचान?

मंगलवार को एक व्यक्ति ने शिल डायघर थाने को सूचना दी कि मौजे शिलगांव के घोल गणपति मंदिर के पास एक महिला का शव मिला है. इस सूचना के आधार पर जब पुलिस मौके पर गई तो उन्हें महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला. उसके शरीर पर चोटें थीं. इस मृत महिला की फोटो खींचकर आसपास के पुलिस स्टेशन में तलाश की गई तो नवी मुंबई के एन.आर.आई. थाने में इस महिला की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज थी. तब जाकर इस मृत महिला की पहचान हुई.

### ■ कैसे पकड़े गए आरोपी

इस मामले में शील डायघर पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी जांच की मदद से और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराध की गहन जांच की. इस जांच के दौरान गौशाला और मंदिर क्षेत्र में सेवा करने वाले घोल गणपति मंदिर के सेवक संतोषकुमार और राजकुमार को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। जब उससे गहनता से पूछताछ की गई तो उसने जुर्म कबूल कर लिया. उन्होंने कहा कि इस अपराध को अंजाम देने में श्याम सुंदर भी उनके साथ था. हालांकि, मामला दर्ज होने वाले दिन ही शाम को यह शख्स मुंबई के लिए रवाना हो गया था. पुलिस ने तकनीकी जांच के जरिए इसका पता लगाया और उसे मुंबई के ट्रॉम्बे इलाके से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों ने घोल गणपति मंदिर इलाके में लगे सीसीटीवी सिस्टम के केबल को काटकर सबूत मिटाने की कोशिश की ताकि किसी को इस अपराध के बारे में जानकारी न मिल सके.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## 21वीं सदी में ऐसी निर्ममता शर्मनाक

जिस दौर में अमूमन सभी मोर्चों पर मौका मिलने पर लड़कियां अपने बरक्स या समांतर खड़े लड़कों से खुद को बराबर या बेहतर साबित कर रही हैं, उसमें ऐसी खबर निराशा और दुख से भर देती है कि एक व्यक्ति ने बेटे की चाह में अपनी जुड़वां नवजात बेटियों की हत्या कर दी। इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते आधुनिक मूल्यों वाले देश में यह हैरान करने वली घटना लगती है, मगर आज भी ऐसे लोग हैं, जो लड़कियों के खिलाफ इस हद तक संकीर्ण सोच और रवैया रखते हैं।

खबर के मुताबिक, बाहरी दिल्ली में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वां बेटियों की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वह बेटा चाहता था। यह कोई दूरदराज के इलाके की नहीं, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली की घटना है, जहां माना जाता है कि समाज अपेक्षया आधुनिक मूल्यों के बीच जीता है और लैंगिक बराबरी के साथ-साथ बेटियों की सुरक्षा और उन्हें समान जीवन-स्थितियां मुहैया कराने को लेकर सरकार की ओर से भी अक्सर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

आज तकनीक की दुनिया इतनी विस्तृत हो चुकी है कि दूरदराज के इलाके में बैठा व्यक्ति भी यह देख-समझ सकता है कि समाज में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर की पढ़ाई-लिखाई या बेहतर पदों पर नौकरी हासिल करने के मामले में लड़कियां किसी भी तरह से लड़कों से कम नहीं हैं। यों एक सभ्य समाज में समानता के दृष्टिकोण के लिए इस तरह के उदाहरणों की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए, लेकिन जड़ मानसिकता वाले व्यक्ति के लिए ऐसे उदाहरण काम के हो सकते हैं। समाज में लैंगिक बराबरी के हक में लड़ाई के लंबे दौर का हासिल यह रहा है कि आज हर स्तर पर महिलाएं पुरुषों के साथ समांतर खड़ी हैं और जहां भी मौका मिल रहा है, वहां वे अपनी क्षमताएं साबित कर रही हैं। इसके बावजूद अगर बेटे की इच्छा रखने की वजह से बेटी की हत्या की खबर आती है तो यह एक समाज और व्यवस्था की नाकामी का ही सबूत है। देश की सरकारों ने बेटियों को बचाने और पढ़ाने के नारे तो खूब दिए, मगर जमीनी स्तर पर पितृसत्तात्मक दुराग्रहों को खत्म करने को लेकर इतनी गंभीरता नहीं बरती कि सुरक्षा और समानता बेटियों के लिए सहज जीवन का हिस्सा हो।

# मुद्दा : किसानों पर जलवायु संकट का कहर...

पिछले दो वर्षों से लगातार मौसम का कहर अन्नदाताओं पर टूट रहा है। इस साल पड़ी अभूतपूर्व गर्मी जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग का साफ संकेत है। इसने भारत में फसलों की पैदावार को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षों में चरम मौसमी घटनाओं ने फसल और उपज के नुकसान के रूप में 60 फीसदी से अधिक सीमांत (दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले छोटे और मंझोले) किसानों को प्रभावित किया है।

डेवलपमेंट इंटेलिजेंस यूनिट (डीआईयू) द्वारा 'भारत के सीमांत किसानों की स्थिति 2024' पर जारी दूसरी वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि भारी गर्मी, सूखा, बेमौसम बारिश और बाढ़ से उनकी पैदावार को नुकसान हो रहा है। इस अध्ययन में साफ तौर पर बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग लगातार छोटे व मंझोले किसानों पर प्रहार कर रहे हैं और उनकी फसलों की उत्पादकता में निरंतर गिरावट आ रही है।

गौरतलब है कि साल 2022 में हीटवेव के शुरुआती रौद्र रूप ने भारत में गेहूं की फसल को प्रभावित किया और उत्पादन की मात्रा साल 2021 में 10.959 करोड़ टन से घटकर 10.77 करोड़ टन रह गई। इसने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक भारत को गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने को बाध्य किया। वर्ष 2023 में भी इसी वजह से गेहूं का उत्पादन प्रभावित हुआ, और लक्ष्य से लगभग तीस लाख टन कम उत्पादन हुआ। जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का बदलता मिजाज पिछले कुछ वर्षों से खेती के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है, जो किसानों के लिए मुसीबत बन चुका है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेंट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट में गेहूं और मक्के की खेती पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों सहित अन्य क्षेत्रों में भी जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की बात कही गई है।



वैज्ञानिकों की मानें, तो यदि जलवायु परिवर्तन की दर इसी गति से बढ़ती रही, तो भविष्य में कई फल मिलने में दुश्वारियां पैदा हो जाएंगी। आने वाले वर्षों में केले के उत्पादन पर भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। अगर तापमान में एक डिग्री की वृद्धि होती है, तो गेहूं उत्पादन में करीब तीन से चार फीसदी कमी आएगी।

तापमान में चार-पांच डिग्री वृद्धि से उत्पादन में 15-20 फीसदी की कमी आ सकती है। बढ़ते तापमान और बदलते वर्षा चक्र से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की फसलें तबाह हो रही हैं। क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्लाइमेट चेंज की वजह से धान के उत्पादन में भी 10 से 30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, और मक्का की पैदावार में भी 25 से 70 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से फसल की पैदावार कम होने के साथ उपज की पोषण गुणवत्ता भी घट जाती है। कम वर्षा की वजह से महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में चावल, मक्का, कपास, सोयाबीन, मूंगफली और दालों जैसी फसलों की बुआई देर से हो सकी। कई उत्तरी राज्यों में धान के खेत अक्सर बाढ़ के कारण जलमग्न रहते हैं, जिससे फसल बर्बाद हो जाती है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 19.9 प्रतिशत है। यह क्षेत्र भारत के 42.6 प्रतिशत लोगों को रोजगार देता है। लिहाजा राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए) जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत संचालित मुख्य अभियानों में से एक है। तापमान में वृद्धि और पानी की उपलब्धता में बदलाव, पूरे कृषि-पारिस्थितिकी क्षेत्रों में सिंचित कृषि उत्पादन को प्रभावित करते हैं। ऐसे में, हमें जलवायु-लचीली कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और आजीविका में विविधता लाने की जरूरत है। फसलों की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जलवायु-स्मार्ट कृषि (सीएसए) प्रौद्योगिकियों की सख्त जरूरत है, जिसमें एक सतत दृष्टिकोण शामिल है। एक प्रभावी जलवायु के प्रति अनुकूल कृषि वाले दृष्टिकोण से हम भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम कर सकते हैं।



देने से अधिक खुशी हमारे दिल को किसी और चीज़ से नहीं मिलती। जब हम देते हैं, तो हम कुछ खोते नहीं।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# युद्ध के हालात को खत्म कर शांति की वकालत

दुनिया भर में अलग-अलग देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिस तरह के खेमों में बंट रहे हैं, जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दे खड़े हो रहे हैं, उसमें लगातार इस बात की आशंका खड़ी हो रही है कि आने वाले वक्त में कहीं युद्ध के मोर्चों का विस्तार न हो जाए! रूस और यूक्रेन या फिर इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध ने इस आशंका को गहरा किया है। ऐसे में भारत ने जिस तरह युद्ध के विरुद्ध खड़े होने और सार्वजनिक रूप से शांति के लिए अपनी नीति घोषित करने का साहस किया है, उसकी अपनी अहमियत है।

पहले रूस और उसके बाद आस्ट्रिया के दौरे में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरह से स्पष्ट रूप से दुनिया भर में युद्ध की परिस्थितियों को खत्म करके शांति की वकालत की। बुधवार को उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है; भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है। यह हर जगह शांति और समृद्धि का आकांक्षी है और इक्कीसवीं सदी में अपनी भूमिका को पहले से ज्यादा मजबूत बनाएगा।

यों दोनों देशों की यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने वहां के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की और द्विपक्षीय सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया। मगर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बनते खेमों के बीच जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें वैश्विक स्तर पर शांति के पक्ष में भारत का खड़ा होना अहम है। दरअसल, वह रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध हो या फिर इजराइल और हमास के बीच, भारत का यह रुख जगजाहिर रहा है कि वह युद्ध का समर्थन नहीं करता। वहीं आतंकवाद के मसले पर भी भारत की साफ राय है



कि यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री ने पहले भी कई बार बातचीत का रास्ता अपनाने की ही सलाह दी है। आस्ट्रिया दौरे में भी अगर उन्होंने भारत के शांति का पक्षधर होने की बात की तो यह स्वाभाविक और अपनी नीतियों पर ही कायम रहना है।

यह छिपा नहीं है कि जहां रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के संकट में कोई कमी नहीं दिख रही है, वहीं अमेरिका और उसके कई सहयोगी देश नाटो की बैठक करके एक अलग ही संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के हालात में भारतीय प्रधानमंत्री की रूस और आस्ट्रिया की यात्रा और इस दौरान दिए गए संदेश का मतलब साफ है। विश्व का जो भी हिस्सा युद्ध या आतंकवाद से प्रभावित है, वहां सामान्य विकास की तो दूर, जनजीवन के बाधित होने और मानव अधिकारों का हनन आम है। ऐसे में दुनिया की महाशक्तियां अगर लोकतंत्र बचाने की बात करती हैं, तो यह अपने आप में एक विरोधाभासी स्थिति है।

युद्ध और आतंकवाद को खत्म किए बिना और शांति कायम किए बगैर कहीं भी मानव अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवन नहीं दिया जा सकता। इस समूचे संदर्भ में भारत का पक्ष हमेशा से स्पष्ट रहा है। यही वजह है कि भारत ने अक्सर इस बात पर जोर दिया है कि यहां के लोग बुद्ध और उनके विचार के रास्ते पर चल कर दुनिया भर में शांति और सौहार्द की उम्मीद करते हैं। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में जिस तरह की खेमेबंदी हो रही है, युद्ध के नए मोर्चे खुलने की आशंका खड़ी हो रही है, उसमें भारत ने शांति के पक्ष में अपनी भूमिका की निभाने की जो घोषणा की है, उसकी जरूरत दुनिया भर को है।

# 92 साल की दादी 2 मीटर का गेट चढ़ कर नर्सिंग होम से फरार

पूर्वी चीन में 92 साल की इस महिला का वीडियो सोशल मीडिया साइट वेइबो पर धूम मचा रहा है.

**जरा हट के**

जब उसका नर्सिंग होम से भागने के लिए 2 मीटर से भी ऊंचा गेट चढ़ने का वीडियो वायरल हो गया है. इसे 1.25 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया है. इसमें वह केवल 24 सेकंड में गेट पर कुशलता से चढ़ती और घूमती है.

1.6 मीटर लंबी यह महिला, जिसे व्यायाम और चढ़ाई में गहरी दिलचस्पी है, कथित तौर पर गंभीर अल्जाइमर रोग से पीड़ित है. फिर भी उसका इस तरह से गेट पार करना लोगों को हैरान ही कर रहा है. शेडोंग प्रांत के नर्सिंग होम के कर्मचारियों ने उसे जल्दी ही आसपास की जगह पर खोजने में सफलता हासिल कर ली थी.

उसकी फुर्तीली चालें उसकी उम्र को झुठलाती हुई दिख रही थीं, जिससे चीनी



नेटिज़न्स ने उसकी एथलेटिक क्षमता पर पूरी तरह से हैरानी जाहिर की. एक यूजर ने कहा, "उसकी उम्र में, चढ़ाई करते समय गिरना जानलेवा हो सकता है." वहीं अन्य लोग उसकी सहनशक्ति और चपलता से प्रभावित हुए और अपनी खुद की शक्ति या इसकी कमी के बारे में मजाक उड़ाया.

एक वीबो यूजर ने कहा, "उसकी फिटनेस का स्तर 1992 में पैदा हुए लोगों से बेहतर है." एक अन्य ने लिखा, "92 साल की? मैं 29 साल की उम्र में इस पर चढ़ भी नहीं सकता था." लेकिन कुछ नेटिज़न्स ने उसकी सुरक्षा के लिए चिंता जताई, एक वीबो यूजर ने लिखा कि उसे असहज महसूस हुआ और डर लगा कि वीडियो के बीच में ही समय महिला गिर जाएगी.




# बाजरा खिचड़ी

### सामग्री

घर पर पौष्टिक बाजरा खिचड़ी बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत पड़ेगी. जैसे एक कप बाजरा, आधा कप मूंग दाल, तीन कप पानी, थोड़ा कद्दूकस किया हुआ अदरक, दो हरी मिर्च बारीक कटी हुई, दो प्याज बारीक कटे हुए, एक चम्मच घी, आधा चम्मच जीरा, आधा चम्मच हल्दी पाउडर, आधा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, स्वादअनुसार नमक और बारीक कटा हुआ हरा धनिया. इन सब सामग्री की मदद से आप टेस्टी बाजरा खिचड़ी बना सकती हैं.

### विधि :

बाजरे की खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले बाजार और मूंग दाल को अच्छी तरह धो लें, फिर एक प्रेशर कुकर में बाजरा, मूंग दाल, पानी, अदरक, हरी मिर्च और नमक डाल दें. फिर कुकर को ढककर बंद कर दें और 3 से 4 सिटी आने तक इंतजार करें. जब कुकर से 4 सिटी आ जाए, तब गैस बंद कर प्रेशर कुकर को थोड़ा ठंडा होने दें. कुकर ठंडा हो तब तक आप एक पैन में घी गर्म करें, उसमें थोड़ा जीरा डालें, जब जीरा तड़कने लगे, तो प्याज डालकर इसे सुनहरा कर ले. प्याज सुनहरे हो जाए, उसके बाद इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और कुछ मसाले डालकर 1 मिनट तक भून लें. अब कुकर से बाजार और मूंग दाल को निकाल कर पैन में डाल दे, फिर इसे अच्छी तरह मिलाएं और 2 से 3 मिनट तक मध्यम आंच पर पका लें. जब यह अच्छे तरीके से पक जाए, तो इसे प्लेट में निकाल कर



इस पर बारीक कटा हुआ धनिया डालकर गरमा गर्म परोस दें.

### सब्जियों को करें शामिल

बाजरा खिचड़ी डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद मानी गई है. आप खिचड़ी बनाते समय इसमें अपनी पसंद की सब्जियों को शामिल कर सकते हैं और जब आप इसे खाएं, तो दही का इस्तेमाल कर सकते हैं. इस खिचड़ी को आप मेहमान, बच्चे, दोस्तों को भी बनाकर खिला सकती हैं.

# बच्चे के स्पीच डेवलपमेंट में कहीं आप तो नहीं कर रहे ये गलतियां?

किसी भी पेरेंट्स के लिए वो पल बेहद खूबसूरत होता है जब उनका बच्चा पहली बार उन्हें अपने मुंह से मम्मी-पापा बुलाता है। इस पल का सभी पेरेंट्स बड़ी बेसब्री से इंतजार करते हैं। हालांकि दुनिया के ये सबसे खूबसूरत शब्द सुनने के लिए कई पेरेंट्स बच्चे पर दबाव भी बनाने लगते हैं। नतीजतन, बच्चे का स्पीच डेवलपमेंट जल्दी होने की जगह धीमा हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि मां-बाप बच्चे के स्पीच डेवलपमेंट के दौरान कुछ गलतियों को करने से बचें। वरना ये गलतियां आगे चलकर बच्चे के स्पीच डेवलपमेंट में बाधा बन सकती हैं।



### ■ स्पीच थेरेपी के लिए ना करें जल्दी...

कई पेरेंट्स बच्चे को जल्द बोलना सिखाने के लिए स्पीच थेरेपी का सहारा लेने लगते हैं। लेकिन ऐसी गलती बिना डॉक्टर से पूछे बिल्कुल नहीं करें। आपके बच्चे को स्पीच थेरेपी की जरूरत है या नहीं यह डॉक्टर से सलाह लेने के बाद निश्चित करें। कई बार बच्चे के देरी से बोलने के पीछे कई अन्य कारण भी जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे में अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से करने से आप उसके डेवलपमेंट में बाधा बन सकते हैं। याद रखें हर बच्चे का डेवलपमेंट प्रोसेस अलग होता है। ऐसे में उसके ऊपर जल्दी बोलने का दबाव बनाकर उसकी मुश्किलें और अपने लिए तनाव ना बढ़ाएं।

### ■ बच्चे से बातचीत न करना...

कई पेरेंट्स बिजी लाइफस्टाइल की वजह से अपने बच्चे से बात करने तक का समय नहीं निकाल पाते हैं। आपकी यह गलती बच्चे के विकास में बाधा बन सकती है। बच्चा आपको बोलता सुनकर ही सीखता है, इसलिए उसे भी अपनी बातचीत में जरूर शामिल करें।

### ■ बोली में जरूरत से ज्यादा सुधार...

बच्चे की बोली में जरूरत से ज्यादा सुधार करने से भी पेरेंट्स को बचना चाहिए। अगर आप बच्चे के साथ हर चीज में रोका-टोकी करते रहेंगे, तो इससे बच्चे के लिए परेशानी बढ़ सकती है। बच्चे को हमेशा अच्छा और साफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

### ■ साथी बच्चों के साथ रखना...

पेरेंट्स को इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि उनका बच्चा अपनी उम्र के बच्चों के साथ दिन का कुछ समय जरूर बिताएं। साथी बच्चों को देखकर वो भी आगे बढ़ना सीखेगा। इससे बच्चे में शब्दों को पकड़ने, समझने की ताकत अपने आप बढ़ने लगेगी।

### ■ सलाह...

अगर आपके बच्चे की उम्र 3 वर्ष से ज्यादा हो गई है और वो अब तक बोलना नहीं सीखा है, तो आपको बच्चे को डॉक्टर को दिखाएं।

## आज का राशिफल

**मेष :** भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**वृषभ :** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें। जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**मिथुन :** व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

**सिंह :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कन्या :** व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी।

**तुला :** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आराम का समय मिलेगा।

**मकर :** धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**कुंभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मीन :** किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा। कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बारिश शुरू होते ही दिखने लगे हैं केंचुए

बारिश का मौसम शुरू होते ही घर में कीड़े-मकौड़ों का आना भी शुरू हो जाता है। इसी मौसम में लोग अकसर घरों की बालकनी या बाथरूम की नाली से घर में केंचुए घुसने की शिकायत करते हैं। दरअसल, केंचुए, नम और गीले वातावरण में रहना पसंद करते हैं। जिसकी वजह से इन्हें ज्यादातर घर की उन जगहों पर देखा जाता है, जहां अकसर नमी बनी रहती है। अगर आप भी बारिश में घर में केंचुए घुसने की समस्या से परेशान रहते हैं, तो ये असरदार घरेलू उपाय केंचुए को आपके घर से दूर रखने में आपकी मदद कर सकते हैं।



### घर की नियमित सफाई है जरूरी...

बाथरूम में घुसने वाले इन बिना बुलाए मेहमान केंचुओं से छुटकारा पाने का सबसे अच्छा उपाय है कि आप बाथरूम की नियमित रूप से सफाई करें। कोशिश करें कि आपका बाथरूम हर समय सूखा हुआ रहे। याद रखें, नमी ही अकसर कीड़ों, खासतौर पर केंचुओं के पनपने का मुख्य कारण बनती है।

### पेट्रोलियम जेली...

बाथरूम के आस-पास किसी तरह का कोई छेद दिखाई दे तो उसे तुरंत ठीक करवा लें। ऐसा करने से केंचुए बाथरूम में प्रवेश नहीं करेंगे। इसके अलावा ड्रेनेज पाइप के भीतरी किनारों पर पेट्रोलियम जेली लगा दें। यह जेली लार्वा और कीड़े को फंसाने के साथ उन्हें बाथरूम में प्रवेश करने से रोकती है। इस उपाय को अपनाते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि जल निकासी के लिए बने छेदों पर पेट्रोलियम जेली लगाकर उन्हें सील न करें। ऐसा करने से ड्रेनेज ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है।

### सफेद सिरका...

बाथरूम या बालकनी की रूटिन सफाई करने के बाद केंचुओं के अंडे या लार्वा से छुटकारा पाने के लिए सफेद सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आप ड्रेनेज में सफेद सिरका उपयोग करें। इस उपाय को सप्ताह में एक बार करें।

### सफेद चीजों से बना स्प्रे..

केंचुएं की घर में एंट्री रोकने के लिए नमक, बेकिंग सोडा और विनेगर का पोछा लगाएं। रात को सोने से पहले बाथरूम के सिंक और ड्रेनेज में एक मग में थोड़ा सा बेकिंग सोडा और नमक मिलाकर डालकर छोड़ दें। फिटकरी, कपूर और फिनाइल की गोलियां का पाउडर बनाकर एक स्प्रे बोतल में भरकर उस जगह डालें, जहां से केंचुएं घर में एंट्री करते हैं। आप चाहे तो इस पाउडर का घर में पोंछा भी लगा सकते हैं।

# पुरानी से पुरानी कब्ज का तोड़ है अदरक

कब्ज की समस्या से अधिकतर लोग ग्रस्त रहते हैं. अधिक मैदे का सेवन, जंक फूड, मसालेदार चीजों को खाने से कई बार स्टूल सख्त होता है, जिससे पेट सही से साफ नहीं हो पाता है. आप इन चीजों के सेवन से कब्ज से परेशान रहने लगते हैं. क्रोनिक कब्ज होना सेहत के लिए ठीक नहीं. जब किसी को सप्ताह में दो बार से अधिक पेट पूरी तरह से साफ न हो तो समझ जाएं कि ये कब्ज है. फाइबर से भरपूर चीजों के सेवन से कब्ज से छुटकारा पाया जा सकता है. क्या आप जानते हैं कि अदरक भी कब्ज से छुटकारा दिला सकता है? बहुत कम लोग ही इस नुस्खे के बारे में जानते होंगे.



### क्यों होता है कब्ज?

न्यूट्रिशनिस्ट कविता देवगन के अनुसार, कब्ज अक्सर पेट में ठीक से संकुचन न होने के कारण होता है, जिसके कारण भोजन तेजी से पेट में आगे नहीं बढ़ता है. इस तरह से कई दिनों तक भोजन पेट में ही सड़ता रहता है. इससे अपच की समस्या शुरू हो जाती है. पेट फूला हुआ रहता है. गैस की समस्या से लोग ग्रस्त रहते हैं. यदि आपको भी कब्ज रहता है तो आप अदरक से इससे छुटकारा पा सकते हैं.

### अदरक कैसे दूर करता है कब्ज?

न्यूट्रिशनिस्ट कविता देवगन के अनुसार, अदरक में प्रोटीज ज़िंगिबैन नामक कम्पाउंड होता है. शोध से पता चलता है कि प्रोटीज ज़िंगिबैन संकुचन को बढ़ावा देकर और तेजी से गैस्ट्रिक को खाली करके भोजन को पेट के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ने में मदद कर सकता है. आप चाहते हैं कि आपको कब्ज की समस्या न हो तो आप अदरक वाली चाय जरूर पिएं.

साथ ही अपने भोजन में भी अदरक को शामिल करें. जितना हो सके आप अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करें. अधिक पानी पिएं. बाहर का जंक फूड, मैदा, फास्ट फूड, तेल-मसालेदार चीजों के सेवन से परहेज करें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख की दबंगई; युवक को लाइसेंसी रायफल से पीटा, 12 पर केस दर्ज

**कानपुर.** कानपुर देहात के सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव में दो पक्षों में संघर्ष हो गया। जहां पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने दबंगई का प्रदर्शन करते हुए एक युवक की लाइसेंसी रायफल से पिटाई कर दी। जिसका वीडियो वायरल हो गया। उधर, वीडियो वायरल के बाद बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों पक्षों के 9 नामजद सहित 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।जहांगीरपुर गांव के रहने वाले शोएब से किसी बात को लेकर प्रधान किशन सिंह से विवाद हो गया। इस पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में प्रधान के पिता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह का लाइसेंसी रायफल से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। हिन्दुस्तान अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

### खेत की रखवाली कर रहे अधेड़ की वार कर हत्या

**बहराइच.** यूपी के बहराइच से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां खेत की रखवाली कर रहे अधेड़ की हमलावरों ने धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी। हत्या के पीछे दस साल पहले पति को छोड़कर बहनोई के साथ रह रही महिला के शह पर तीन लोगों को नामजद कर हत्या की तहरीर दी गई है। खैरीघाट थाने के लौकिहा के मजरे कोरियनपुरवा निवासी 65 वर्षीय घसीटे पुत्र रतन शुक्रवार रात गांव के बाहर खेत में लगाई गई धान की नर्सरी की रखवाली को गया था। सुबह घर पर जब वह नहीं पहुंचा, तो बेटा सतीश खेत पर गया। वहां रक्त रंजित हालत में खून से लथपथ घसीटे को पड़ा पाकर सतीश वाहन से उसे शिवपुर पीएचसी लाया। चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

### बीवी को पीटा फिर गला दबाकर मार डाला

**उन्नाव.** उन्नाव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक पति ने दूसरी महिला से संबंध होने में बाधा बनने पर पत्नी को रास्ते से हटा दिया। अगली सुबह सोकर उठे बच्चों ने मां का शव देखा तो चीखने चिल्लाने लगे। मौरावां क्षेत्र के कटरा चेतराय गांव के धनीराम की बेटी आरती की शादी 18 साल पहले क्षेत्र के गुलरिहा गांव में गंगाराम के बेटे सुरेश लोधी से हुई थी। सुरेश चार भाइयों में छोटा है। सुरेश पंजाब से एक जुलाई को आने के बाद सीधे पिंजरा गांव में मौसा राजेश के घर गया और उसके बाद कटरा चेतराय स्थित ससुराल गया। उसके बाद आठ दिन पहले गुलरिहा स्थित घर आया था। जानकारी के मुताबिक सुरेश का किसी और महिला के साथ अवैध संबंध था। इसे लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। गुरुवार रात में भी इसे लेकर दोनों में कहासुनी हुई तो गुस्साए पति ने पत्नी का गला घोंट दिया।

### आगरा एक्सप्रेस वे पर महिंद्रा एक्सयूवी में 11 किलो सोना पकड़ाया, तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पर डीआरआई ने 11 किलोग्राम सोना पकड़ा है। यह सोना महिंद्रा एक्सयूवी की सीट के नीचे से बरामद किया गया। तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीआरआई की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के पहले टोल प्लाजा पर यह करवाई की है। पकड़े गए आरोपी के पास से बरामद गोल्ड की कीमत 8.09 करोड़ रुपए बताई जा रही है। डीआरआई की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की रात 12:30 बजे गिरफ्तारी की है। तस्कर सोहन गोयल दिल्ली के करोल बाग का रहने वाला है। उसके पास से बरामद सोना दुबई मेड है। डीआरआई की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लखनऊ की कस्टम कोर्ट में पेश किया।

# NDA सरकार अस्थिर, कार्यकाल पूरा करना मुश्किल : ममता बनर्जी

**मुंबई.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा-नेतृत्व वाली NDA सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी, क्योंकि यह सरकार स्थिर नहीं है। जब उनसे ऐसा कहने की वजह पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि खेला शुरू हो गया है। यह जारी रहेगा।

ममता ने यह बात शुक्रवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे से उनके आवास मातोश्री में मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वे ठाकरे के लिए प्रचार करेंगीं। शिवसेना (UBT) और तृणमूल कांग्रेस INDIA ब्लॉक में साझेदार हैं। यह लोकसभा चुनावों के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बैठक थी। बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने मुंबई पहुंचीं ममता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP-SP) के अध्यक्ष शरद पवार से भी मुलाकात की। ये मुलाकात दक्षिण मुंबई स्थित पवार के निवास 'सिल्वर ओक' पर हुई।



#### ममता बोलीं- उद्धव से शिवसेना नाम और प्रतीक चिह्न लेना अनैतिक था

ममता ने यह भी कहा कि शिंदे गुट द्वारा ठाकरे गुट से शिवसेना नाम और प्रतीक लेना पूरी तरह से अनैतिक था, लेकिन पार्टी ने बाघ की तरह लड़ाई लड़ी। दरअसल, शिवसेना जून 2022 में विभाजित हुई थी और पार्टी का नाम और 'धनुष और तीर' प्रतीक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को दे दिया गया।

#### ममता ने कहा- हम आपातकाल का समर्थन नहीं करते

बनर्जी ने 25 जून को आपातकाल की घोषणा के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की केंद्र की घोषणा पर भाजपा पर हमला किया। उन्होंने कहा, हम आपातकाल का समर्थन नहीं करते... (लेकिन) सुधार अपने घर से शुरू होता है।

ममता ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में सबसे ज्यादा आपातकाल लगाया जा रहा है। वे भारतीय दंड संहिता (IPC) को बदलकर भारतीय न्याय संहिता (BNS) लाए हैं। कोई यह समझ नहीं पाएगा कि उन्होंने क्या बदला है। सभी डरे हुए हैं।

#### ठाकरे बोले- ये राजनीतिक नहीं, पारिवारिक मुलाकात

ठाकरे ने ममता के साथ बैठक को राजनीतिक की बजाय पारिवारिक मुलाकात बताया। ठाकरे ने पत्रकारों से कहा, हमारे बीच भाई-बहन का रिश्ता है। वह पहले भी मेरे घर आ चुकी हैं। यह एक पारिवारिक मुलाकात थी। कृपया इसे राजनीति से न जोड़ें। अगर मुझे कुछ कहना है, तो मैं खुलकर कहता हूं। मुझे डर नहीं है।

# 25 जून 'संविधान हत्या दिवस' घोषित

- केंद्र सरकार का ऐलान, नोटिफिकेशन जारी
- 1975 में इसी दिन लगी थी इमरजेंसी



केंद्र सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 12 जुलाई को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया है। शाह ने लिखा, '25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, '25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ था और भारत के संविधान को कैसे कुचला गया था। ये भारत के इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया एक काला दौर था।'

#### कांग्रेस बोली- एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद

कांग्रेस ने सरकार के इस फैसले को एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'यह नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री की एक और सुर्खियां बटोरने वाली कवायद है, जिसने दस साल तक अघोषित आपातकाल लगाया था। उसके बाद भारत के लोगों ने उसे 4 जून, 2024 को एक निर्णायक व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार दी- जिसे इतिहास में मोदी मुक्ति दिवस के रूप में जाना जाएगा।'

# '7 साल में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत'

भारत 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें केवल 2060 तक का समय लगेगा। यह कहना है आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवोव्रत पात्रा का, मसूरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए पात्रा ने कहा कि यह कल्पना करना संभव है कि भारत अगले दशक की शुरुआत में ही दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था बन सकता है इसके लिए हमें 2048 तक का इंतजार करने की जरूरत नहीं है। पात्रा ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए 2060 तक का समय लगेगा।

#### वर्तमान में निम्न मध्यम वर्ग की संख्या है सबसे ज्यादा

वर्तमान में भारत में निम्न मध्यम वर्ग की संख्या सबसे ज्यादा है। वर्तमान में भारत 3.6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। 2500 डॉलर प्रतिव्यक्ति आय पर भारत निम्न मध्यम आय के समूह देशों में आता है। यहां तक पहुंचने के लिए हमने एक कठिन यात्रा का पूरा किया है। भारत की अब आगे कि यात्रा और संघर्ष भरी है, अगर हमें विकसित अर्थव्यवस्था बनना है तो हमें अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नए क्रांतिकारी कदम उठाने होंगे।



#### हर साल 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ना होगा आगे

पात्रा ने अपनी बात को जोर देते हुए कहा कि अगर भारत को इन लक्ष्यों को हासिल करना है और समय के साथ विकसित अर्थव्यवस्था बनना है तो हमें अगले दस वर्षों तक 9.6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ना होगा। इतनी विकास दर को प्राप्त करने के बाद हम लोअर मिडिल क्लास के चक्र से मुक्त होकर एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। वर्तमान में भारत 3.6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है।

#### 2048 तक अमेरिका को अर्थव्यवस्था में पछाड़ देगा भारत

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का अनुमान है कि पीपीपी के संदर्भ में भारत 2048 तक अमेरिका को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते इन्फ्लेशन के लिए डिप्टी गवर्नर ने कहा कि यह आरबीआई इसे अपने लक्ष्य के अनुरूप करने के लिए प्रतिबद्ध है, 2025-26 तक इन्फ्लेशन कम होकर 4.1 प्रतिशत पर आ जाएगी इस समय भारत की इन्फ्लेशन दर 4.5 है जो घट कर 4.1 पर आ जाएगी, नियंत्रित इन्फलेशन दर भारत के भविष्य में तेज विकास के लिए नींव बनेगी।

पात्रा ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। जीएनपीए, जो कि मार्च 2018 में अपने चरम से गिरकर मार्च 2024 तक कुल संपत्ति का 2.8 प्रतिशत हो गई है। इस समय पर शुद्ध एनपीए केवल 0.6 प्रतिशत है, जो कि देश के पूंजी और तरलता बफर नियामक मानदंडों से काफी ऊपर है।

# मविआ का हो गया खेला; 7 विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के लिए शुक्रवार को हुए द्विवार्षिक चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। कुल 12 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से सत्ताधारी महायुति के 9 उम्मीदवार थे, जबकि विपक्षी महाविकास अघाड़ी के तीन उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव परिणामों के मुताबिक महायुति के सभी 9 उम्मीदवारों की जीत हुई है, जबकि महाविकास अघाड़ी के दो उम्मीदवार विजयी रहे हैं। चुनाव परिणामों और मिले वोटों से पता चलता है कि मतदान के दौरान कांग्रेस के कम से कम सात विधायकों ने पार्टी के निर्देशों की अवहेलना की है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि 37 विधायकों वाली



कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार प्रज्ञा सातव के लिए 30 प्रथम वरीयता के वोटों का कोटा तय किया था और शेष सात वोट सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार मिलिंद नार्वेकर को मिलने थे लेकिन, सातव को 25 और नार्वेकर को 22 प्रथम वरीयता के वोट मिले, जिसका मतलब है कि कम से कम सात कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने लड़ी गई सभी नौ सीटों पर जीत हासिल की, जबकि शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) द्वारा समर्थित पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के जयंत पाटिल विधान परिषद चुनाव हार गए हैं। चुनाव से पहले इसकी चर्चा तेज थी कि पवार के भतीजे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खेमे के एनसीपी विधायक टूट सकते हैं और शरद पवार के समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सत्ता पक्ष में किसी तरह की खरीद फरोख्त से बचाने के लिए अपने विधायकों को पिछले कुछ दिनों से होटलों में ठहरा रखा था।

#### महायुति की जीत एक 'ट्रेलर' है

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि विधान परिषद चुनाव में महायुति के सभी नौ उम्मीदवारों की जीत इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से पहले एक 'ट्रेलर' है। शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा झूठा विमर्श गढ़ा गया और लोगों को गुमराह किया गया। उन्होंने कहा, ''महायुति ने एक बड़ी जीत दर्ज की है। यह एक अच्छी शुरुआत है। एक झूठा विमर्श गढ़ा गया था। लोगों को गुमराह किया गया। महायुति की जीत एक 'ट्रेलर' है।

### भारत ने 10 विकेट से जीता चौथा टी20

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया. इस मुकाबले में भारत ने 10 विकेट से धमाकेदार जीत हासिल की. मुकाबले में भारत को जीत के लिए 153 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 15.2 ओवर में हासिल कर लिया. इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली. दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 14 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाएगा.

भारतीय टीम के लिए ओपनर बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने धांसू बल्लेबाजी की.

# जयपुर में राष्ट्रीय करणी सेना, राजपूत करणी सेना में फायरिंग-मारपीट

- एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई FIR

**जयपुर.** जयपुर में राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच मारपीट और फायरिंग हो गई। इसमें मकराना जख्मी हुए हैं। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शेखावत के 5 और महिपाल सिंह मकराना के 2 साथियों सहित एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। शेखावत ने कहा है कि मकराना चार लोगों के साथ चित्रकूट इलाके में स्थित मेरे कार्यालय में आया और फायरिंग कर दी।

वहीं, महिपाल सिंह मकराना की पत्नी वर्षा ने शिव सिंह और उनके साथियों पर फायर करने के आरोप लगाए हैं। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें दोनों पक्ष मारपीट करते दिख रहे हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शनिवार सुबह चित्रकूट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


## जाहीर नोटीस

**निवासी नायब तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी कार्यालय कल्याण**

जा.क्र. फौजदारी / जन्म मृत्यु नोंद /टे-6/कावि-318/2024 — दि.14/03/2024

प्रति.
**1) श्री. मुकेश भरत सकपाळ.** — **अर्जदार**
राहणार, अमोल नगर, रुम नं. 10,
चाळ नं. 4/5, खडेगोलवली.
ता. कल्याण, जि. ठाणे.

**विरुध्द**

2) कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका, — **सामनेवाले**
निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग,
ता. कल्याण, जि. ठाणे.

**तमाम जनतेस सदर नोटीसीद्वारे सुचीत करण्यात येते आहे ते येणेप्रमाणे:**

1. उपरोक्त अर्जदार यांची **आजी कै. सुरेखा गंगाराम सकपाळ,** यांचा **मृत्यु दिनांक 25/11/2021** रोजी राहत्या घरी **अमोल नगर, रुम नं. 10, चाळ नं. 4/5, खडेगोलवली, ता. कल्याण, जि. ठाणे** येथे झालेला आहे. अर्जदाराकडुन काही अपरिहार्य कारणामुळे तसेच अनावधनामुळे सदर मृत्युची नोंद **निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी विभाग, कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका, कल्याण** दफ्तरी करुन मृत्युचा दाखला प्राप्त करुन घ्यावयाचा राहीला होता. अर्जदार यांना त्यांच्या काही वैयक्तीक कारणांसाठी त्यांच्या आजीच्या मृत्यु दाखल्याची आवश्यकता आहे.
2. उशीरा मृत्युची नोंदणी दाखला मिळणेसाठी मा. तहसीलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी यांचेकडुन आदेश प्राप्त करुन घ्यावयाचा असल्यामुळे सदर कार्यालयास किरकोळ अर्ज क्र. 318 दाखल केला आहे.
3. सदर बाबत कोणत्याही व्यक्तीची कोणतीही हरकत असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून 30 दिवसाच्या आत सदर न्यायालयात दाखल करावी वरील मुदतीत कोणी योग्य हरकत न दाखल केल्यास अर्जदार यांना सदर कार्यालयातर्फे त्यांना त्यांच्या आजीच्या मृत्यु नोंदणीचा दाखला मिळणेकरीता आदेश करण्यात येईल.

आज दिनांक माहे 10/7/2024 रोजी माझे सहीने व शिक्क्याने दिली.

शिक्का

**हुकुमावरुन**
**सही/-**
**कार्यकारी दंडाधिकारी, कल्याण**



## GENERAL NOTICE

To all general public is hereby informed that my client Shri ANIL SURESHLAL KRIPALANI, R/o, Parasmani Apartment, 3rd floor, flat no. 301, Nr. Sonesar Office, Aman Talkies Road, Ulhasnagar 421003, is hereby given instruction to issue this public notice to all general public as under:

That, my client to inform you all general public through this public notice that, my client is co-owner, occupier and possessor of the immoveable properties following as under:

1) Parasmani Apartment, 3rd floor, flat no. 301, Nr. Sonesar Office, Aman Talkies Road, Ulhasnagar 421003,
2) Having room at B/k No. 1658, Room No. 05, Section 26, Ulhasnagar 421004
3) Having Room at B/k No. 1658, Room No. 04, Section 26, Ulhasnagar 421004.
4) Having Room at B/k No. 1661, Room No. 09, Section 26, Ulhasnagar 421004
5) Gala No. A-20/B, Gemnani Compound, Survey no. 143/10, Gaikwad Pada, Ambernath 421301.
6) Gala No. C-7, Gemnani Compound, Survey no. 143/10, Gaikwad Pada, Ambernath 421301.
7) Vehicle No. MH-05, EA 3609,4-Wheeler, Hyundai Creta, purchased by my client father late Shri Sureshlal Kripalani in her wife name Mohini S. Kripalani the payment were paid by my client and his late father.
8) Vehicle No. MH05 DT 0036, 2Wheeler, Honda Activa, purchased by my client father late Shri Suresh Kripalani, but the payment of said vehicle made by my client.

My client further states that, the above said properties are owned by my client father Late Shri Sureshlal Kripalani, and my client have his legal share in the above said properties.

My client further states that, my client have legal share, right, and title in the above mentioned moveable and immoveable properties accordingly my client is co-owner, co-occupier and under the possession of the said properties and my client is also have a legal share in these properties and my client further states that, if anyone or any person / persons are dealing, transaction, entred into any kind of agreement, like mortgage, lien, or any kind of transaction with these properties without obtain consent or information of my client that claim will be treated is null and void, and also liable for all legal obligation and made himself / herself/ themselves / person or person will be liable legal obligations.

My client further states that, my client is lawful co-owner of above-mentioned properties (moveable & immoveable), there is legal share, title, & interest in properties.

Therefore, this is to inform general public that, if anyone person / persons or any partnership firm/ builder or any one enters into any transaction of whatsoever nature in respect of any of the above said property or properties or any part thereof in any way or otherwise without the consent of my client shall be at his / her /their own risk, cost and consequences which may please take note of it.

Sd/-
**(Ricky K. Chhabria)**
B.COM LL.B. (LL.M)
ADVOCATE HIGH COURT
Off: 1, NR B/K NO.196, NR. SADHUBELLA SCHOOL ROAD, ULHASNAGAR- 421001.
(M) 9921343867, E-mail: advrickychhabria@gmail.com



## आम सूचना

मैं श्रीमती मंजूदेवी प्रमोद सिंह सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, एमआयडीसी रोड, तानाजी नगर, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 04एओ0185258500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लक्ष्मी सिद्धाराम मरबे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.12.7.2024 सी.नं. 152//2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मंजूदेवी प्रमोद सिंह**

## आम सूचना

हम श्री मुकेश रामबाबू खंडेलवाल व श्री मनोज रामबाबू खंडेलवाल सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 554, मेन रोड, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 43सीआय009777200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मीना किशिन क्रिपलाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 10.3.2021 सी.नं. 3045/2021 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुकेश रामबाबू खंडेलवाल व**
**श्री मनोज रामबाबू खंडेलवाल**

## आम सूचना

मैं श्री शंकर सीरूमल ठाकुर सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 3, पीछे और बाजू में जूना डाल्डा डेपो, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीओ004819500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अन्नू जनकराज दुलेरा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 10.7.2024 सी.नं. 6/84 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शंकर सीरूमल ठाकुर**

## आम सूचना

मैं श्री प्रथमेश हितेश खालपदा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 7, 40 चौ.फुट, ग्राऊंड फ्लोर, पैरामाउंट काम्प्लेक्स, बैरक नं. 457 के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016830400) उक्त प्रॉपर्टी श्री संतोष रामजी चौरसिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.20.6.2023 सी.नं. 1150/2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

## आम सूचना

मैं श्री हरभजनसिंघ विक्रमसिंघ लबाणा सभी को सूचित कर रहा हूं कि बेसमेंट, दो रुम, ग्राऊंड फ्लोर पर और दो शॉप 1ला माला पर, बैरक नं. 703 के सामने, हॉस्पिटल एरिया, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 26बीओ00756700) उक्त प्रॉपर्टी श्री जिंदासिंघ भागूसिंघ लबाणा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि.8.7.2024 सी.नं. 1109 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरभजनसिंघ विक्रमसिंघ लबाणा**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## संक्षेप...

### पनवेल में कोयताधारी गैंग सक्रिय

**पनवेल.** खारघर कॉलोनी के पेठ गांव में गुरुवार आधी रात को बरगदधारी गिरोह के चार लोग हाथों में कोइता और अन्य चोरी की सामग्री लेकर घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए, जिससे निवासियों में भय का माहौल पैदा हो गया। इस गैंग ने पेठ गांव में कई घरों में डकैती डाली. पिछले महीने में, पनवेल के ग्रामीण इलाकों के विभिन्न गांवों और सिडको कॉलोनियों में घर में चोरियां हुई हैं। इस गिरोह के चोर पैरों में चप्पल नहीं, शरीर पर शर्ट नहीं, सिर्फ बनियान, चोरी करने का सामान और हाथों में कट्टा लिए आसपास घूम रहे हैं।

# ठाणे में भारी बारिश से जलभराव



**ठाणे.** ठाणे में शुक्रवार शाम से शुरू हुई भारी बारिश शनिवार को पूरे दिन जारी रही. जिले की कई सड़कों पर गड्ढे और उनमें जमा बारिश के पानी के कारण यातायात धीमा हो गया. इसके अलावा शनिवार और रविवार की छुट्टियों में घूमने निकले नागरिकों के वाहनों ने भी परेशानी बढ़ा दी। मुंबई-नासिक के साथ-साथ घोड़बंदर मार्ग पर भी यातायात धीमा रहा।

ठाणे जिले में शुक्रवार शाम से बारिश शुरू हो गई. शनिवार को पूरे दिन बारिश होती रही। ठाणे शहर में शनिवार सुबह भारी बारिश हुई. कुछ देर बाद बारिश कुछ कम हो गई. शहर में शाम तक लगातार बारिश होती रही। कुछ ऐसी ही तस्वीर भिवंडी, कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और ठाणे के ग्रामीण इलाकों की थी। भारी बारिश के कारण ठाणे शहर के कई निचले इलाकों में कुछ समय के लिए पानी भर गया। लेकिन, बारिश कम होते ही निचले इलाकों में जमा पानी निकल गया. बारिश के कारण घोड़बंदर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं और इससे वाहनों की गति पहले से ही धीमी हो गई है।

शनिवार सुबह हुई भारी बारिश के कारण घोड़बंदर मार्ग, कपूरबावड़ी नाका, मजीवाड़ा पर फ्लाईओवर के नीचे इतना पानी जमा हो गया कि एक स्कूटर का पहिया डूब गया। तो वहीं भिवंडी शहर में भी कुछ जगहों पर जलभराव हो गया। इसके चलते कुछ देर के लिए इस इलाके में ट्रैफिक धीमा हो गया. घोड़बंदर मार्ग पर आनंदनगर से भयंदरपाड़ा तक, जबकि मुंबई-नासिक राजमार्ग खारेगांव से रांजनोली नाका और शाहपुर तक कुछ देर के लिए जाम लग गया. ठाणे शहर में कुछ स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं हुई हैं और कोई घायल नहीं हुआ है.

# भिवंडी में भारी बारिश बनी मुसीबत

- **नाला, गटर सफाई की खुली पोल**
- **गटरों से निकलकर सड़कों पर बह रहा गंदा पानी**



**भिवंडी.** भिवंडी में शनिवार सुबह से शुरू भारी बारिश से कई क्षेत्रों में भारी जलजमाव हो गया है.रहिवासी क्षेत्रों में हुए जलजमाव से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है.भाजपा जिला प्रसिद्धि प्रमुख पीड़ी यादव ने नाली, गटर की सफाई नहीं होने पर भारी नाराजगी जताते हुए मनपा प्रशासक अजय वैद्य से नाला सफाई ठेकेदारों का भुगतान रोकने एवम ब्लैकलिस्ट किए जाने की मांग की है.

पावरलूम नगरी में शुक्रवार रात्रि से ही रुक रुक कर शुरू बारिश शनिवार पूरे दिन शुरू रही.मूसलाधार बारिश की वजह से गोपाल नगर, कृष्णा कांप्लेक्स,कमला होटल,नवी बस्ती,आजमी नगर,महाडा कालोनी,फेना गांव, कामत घर, देवजी नगर चौक,भंडारी कंपाउंड,तीन बत्ती आदि क्षेत्रों में पानी भर गया है. गटरों के बंद होने से पानी अंदर नहीं सड़क के ऊपर से जाने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है.पीड़ी यादव ने बारिश में भारी जलजमाव का एकमेव कारण सफाई ठेकेदारों द्वार नाला,गटर सफाई कार्य में लापरवाही करार दिया है.उन्होंने कहा कि भिवंडी में प्रतिवर्ष नाला, गटर सफाई ठीक से नहीं होती है.सफाई ठेकेदार आरोग्य अधिकारियों की मिलीभगत से सफाई कार्य अंजाम दिए बगैर ही बिल भुगतान अधिकारियों की जेब गर्म कर निकाल लेते हैं. नाला,गटर सफाई कार्यों में भारी भ्रष्टाचार होता है.मनपा प्रशासन ने नाला,गटर सफाई का ठेका ठेकेदारों को करीब 2.5 करोड़ में दिया है बावजूद ठीक से सफाई नहीं होने से भारी जलजमाव से शहर घिरा हुआ है.यादव ने प्रशासक अजय वैद्य से नाला सफाई ठेकेदारों का भुगतान नहीं करने और ब्लैकलिस्ट किए जाने की मांग की है.

# महेश सुखरामानी के हाथों 'द वीकली हॉट' न्यूज चैनल का उदघाटन




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-2 स्थित माता मंजूदेवी समाज हॉल में द वीकली हॉट न्यूज चैनल का उदघाटन महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी के हाथों किया गया। उद्घाटन समारोह में शहर के जाने-माने लोग उपस्थित थे। सुखरामानी जी ने चैनल के संपादक रोशन सच्चर और उनकी पूरी टीम का स्वागत सत्कार कर पत्रकारिता जगत में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। उस समय भारतीय सिंधू सभा उल्हासनगर के अध्यक्ष राजेश अमरनानी, बंटी सुखेजा, दिनेश कुंग, झूलेलाल संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष किशोर साजनानी, ताराचंद जामनानी, पवन साबलानी व दीपक वलेच्छा आदि उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य में महाराष्ट्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र की महिलाओं को 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' के अंतर्गत तीन दिवसीय 12 से 14 जुलाई तक कैंप में लाभ लेने की अपील की गई है।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर मनपा का कप 2024 का आयोजन

**ठाणे.** मनपा व शहर दैनिक पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में 19 अगस्त विश्व फोटोग्राफी दिवस पर मनपा 2024 कप का आयोजन हिंदुहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे स्मारक, इटर्निटी सर्व्हिस रोड, तीन हात नाका पर आयोजित किया गया है।इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक फोटोग्राफर व नागरिकों को भाग लेने के लिए मनपा आयुक्त राव ने आवाहन किया है।विश्व फोटोग्राफर दिवस के कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए मनपा स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया।इसमें उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त व क्रीडा अधिकारी मीनल पालांडे, ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ अध्यक्ष आनंद कांबले, सचिव नीलेश पानमंद,कार्यकारी अध्यक्ष विकास काटे,कोषाध्यक्ष विभव बिरवटकर उपस्थित थे।इस प्रतियोगिता में जिला,राज्य,राष्ट्रीय स्तर के फोटोग्राफर भाग लेंगे और उनके फोटो को 17 से 20 अगस्त तक प्रदर्शन किया जायेगा और पिछले साल इस प्रतियोगिता में 4600 फोटोग्राफर हिस्सा लिए थे।राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में जिला, राज्य व राष्ट्रीय तीन स्तर पर रखा गया है। इस प्रतियोगिता में 675000 रुपये का ईनाम व सम्मान चिन्ह और प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

# वरालादेवी लेक हुआ ओवरफ्लो

- **मनपा पानी संचय में नाकाम.**
- **लाखों लीटर पानी जा रहा नाले में.**



**भिवंडी.** 15 दिन से रुक रुक कर हो रही भारी बारिश से भिवंडी शहर का एकमेव वराला देवी तालाब लबालब होकर ओवरफ्लो होकर चंदन बाग स्थित दीवार के ऊपर से बह कर नाले में समा रहा है. मनपा द्वारा जल संचय की खातिर कोई उपायोजना नहीं किए जाने से बरसात के दौरान प्रतिदिन हजारों लीटर पानी नाले में जाकर बर्बाद हो रहा है.वराला देवी तालाब से भिवंडी के पुराने इलाके में जलापूर्ति की जाती है.शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि,मनपा अगर बरसात में बर्बाद हो रहे पानी का संचय करे तो शहर में जलापूर्ति समस्या में काफी सुधार हो सकता है.बरसात में प्रतिदिन हजारों लीटर पानी तालाब लबालब होने से ओवरफ्लो होकर नालों में समा रहा है.नालों में बहने वाला पानी कोई काम नहीं आता है.मनपा प्रशासन को पानी संचय उपाययोजना पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए.

# भिवंडीवासियों की भी सुनो मुख्यमंत्रीजी!

- **जलजमाव, कचरा, ट्रैफिक, सड़क गड्ढों से दिलावें निजात.**

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से शहरवासियों ने शहर की बदहाली पर ध्यान देने की गुहार लगाई है.भिवंडी शहर में कचरा, गंदगी, ट्रैफिक जाम सड़कों पर हुए तमाम गड्ढों से लोग भारी परेशानी झेल रहे हैं. मनपा प्रशासक राज्य में भिवंडी में लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं.

भिवंडी में चारों तरफ गंदगी का सम्राज्य,सड़कों में गड्ढे चैंबरों पर ढक्कन नदारद होने से बारिश में लोगों का पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है.नाला,गटर की ठीक से सफाई नहीं होने से बारिश में कचरा सड़कों पर बहकर चारों तरफ गंदगी फैला रहा है.सड़कों पर हुए जगह जगह भारी गड्ढों में पानी भरने से वाहनों को सड़क नहीं दिखाई पड़ रही है.दुपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं.शहर में साफ सफाई नहीं होने से सड़क किनारे, रहिवासी क्षेत्रों में पड़ा हुआ कचरा पानी में बहकर दुर्गंध फैला रहा है जिससे संक्रामक बीमारियां बढ़ रही हैं.शहर में चहुंओर गटर पर लगे हुए चैंबरों के ढक्कन खुले होने से लोगों का पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है.नालों,गटरों की साफ सफाई नहीं होने से गोपाल नगर,टोरेंट पावर आफिस के सामने,घूंघट नगर, तीन बत्ती,नवी बस्ती,आजमी नगर,महाडा कालोनी,फेना पाड़ा, कामतघर,ओसवाल वाडी,सब्जी मार्केट आदि क्षेत्रों में बरसात में अक्सर जलजमाव होता रहता है. मनपा प्रशासन द्वारा नागरिकों की मूलभूत समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं देने से लोगों को भारी तकलीफ उठानी पड़ रही है.शहर की तमाम सड़कें कीचड़,मिट्टी से भरी होने से बाइक सवार फिसलकर गिर रहे हैं.फ्लाई ओवर की टूटी पाइपों से गंदा पानी गिरकर राहगीरों के चेहरे एवम कपड़े खराब कर रहा है.भिवंडी शहर की हालत गांव से भी बदतर है.महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस जनरल सेक्रेट्री मु.तारिक फारूकी का कहना है कि, मनपा नागरिकों को कोई भी मूलभूत सुविधा देने में अक्षम है.शहर विकास से कोसों दूर है. गड्ढा युक्त सड़क,कचरा, गंदगी शहर की एकमेव पहिचान है.मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी को भिवंडी शहर के विकास पर ध्यान देना जरूरी है.कांग्रेस वरिष्ठ नेता अशोक पाटिल ने मनपा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि,मनपा टैक्स चुकाने के बाद भी भिवंडी में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलती हैं.मनपा प्रशासन हमेशा पैसा नहीं होने का रोना रोता है. मुख्यमंत्री साहेब को भिवंडी शहर के विकास की खातिर फंड देना चाहिए जिससे नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो सके.मोदी फाउंडेशन संस्थापक अध्यक्ष पराग मेहता ने कहा कि, मुख्यमंत्री शिंदे साहेब के गृह नगर ठाणे से भिवंडी की दूरी बेहद कम है.ठाणे, कल्याण की तर्ज पर नागरिकों की सुविधा के लिए पावरलूम नगरी का भी विकास होना चाहिए.

## यातायात जाम की समस्या को लेकर

# घोड़बंदर रोड का मनपा आयुक्त ने किया दौरा



- **चल रहे निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए दिया निर्देश**

**ठाणे.** पिछले कुछ दिनों से घोड़बंदर रोड पर यातायात जाम की समस्या से नागरिकों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।इस गंभीर हालत से निपटारा दिलाने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने मनपगी के संबंधित अधिकारियों के साथ दौरा किया। माजीवाडा, कापूरबावड़ी से लेकर ओवला नाका तक यातायात जाम की समस्या से शहर के रहिवासी त्रस्त है।यातायात जाम का कारण है सरकार की कई परियोजना इस सड़क पर चल रही है।जिसमें सबसे अधिक जाम मेट्रो परियोजना से है मनपा आयुक्त सौरभ राव ने जल्द से पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।साथ ही सड़कों पर गड्ढों को बंद करने के लिए कहा।इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनग्रा यातायात पुलिस उपायुक्त विनयकुमार राठोड, सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण आदि उपस्थित थे। आयुक्त राव ने जुपिटर अस्पताल, माजिवाडा नाका, कापूरबावडी परिसर में चल रहे मेट्रो के काम की जानकारी ली।कई जगहों पर मेट्रो के चल रहे काम के कारण बेरिकेट के लगने से यातायात जाम की समस्या हो रही है।इसलिए आयुक्त राव ने निर्देश दिया कि इस समस्या का निवारण संबंधित लोग करें अन्यथा नागरिकों को दिक्कत हुआ तो मनपा कार्रवाई करेगीं।

## मनपा आयुक्त ने किया मदद कक्ष का दौरा



**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यमंत्री मेरी प्यारी बहना योजना शुरू है।जिसके लिए मनपा के सभी प्रभाग समिति कार्यालय में मदत कक्ष शुरुआत किया गया है।मनपा आयुक्त सौ राव ने शुक्रवार दोपहर को माजिवाडा-मानपाडा प्रभाग समिती कार्यालय व वागले इस्टेट प्रभाग कार्यालय के मदत कक्ष में जाकर चल रहे कामकाज की जानकारी ली।साथ ही आवेदन पत्र की जांच कर रही आंगन वाड़ी सेविका से भी बातचीत किया।वहीं माजिवाडा-मानपाडा प्रभाग समिती कार्यालय पर पूर्व नगरसेवक संजय भोईर,पूर्व नगरसेवक भूषण भोईर, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त दिनेश तायडे,सहायक आयुक्त प्रितम पाटील आदि उपस्थित थे। वागळे इस्टेट प्रभाग समिति कार्यालय पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त शंकर पाटोले, सहायक आयुक्त सोपान भाईक, सहायक आयुक्त भालचंद्र घुगे आदि उपस्थित थे।

## होर्डिंग गिरने के मामले में 3,300 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

**मुंबई.** घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप पर एक विशाल बिलबोर्ड गिरने के मामले में, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई थी, अपराध शाखा की विशेष जांच टीम ने शुक्रवार को चार आरोपियों के खिलाफ 3,300 पन्नों की चार्जशीट दायर की। इस मामले में अब तक 102 लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं.

सूत्रों ने बताया कि यह बयान आरोपपत्र का हिस्सा है. इस मामले में एगो मीडिया कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे, एगो मीडिया कंपनी की पूर्व निदेशक जान्हवी मराठे, विज्ञापन बोर्ड के रखरखाव के प्रभारी सागर पाटिल और स्वीकृत सिविल इंजीनियर मनोज संघू को गिरफ्तार किया गया था. उन चारों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है. इस मामले में गैर इरादतन हत्या, गंभीर चोट, लापरवाही से चोट पहुंचाने के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पति के फ्लैट की तलाश में ईडी

**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 263 करोड़ रुपये के आयकर चोरी मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पति पुरूषोत्तम चव्हाण के मुंबई स्थित फ्लैट पर छापा मारा है. इसके अलावा ईडी ने इस मामले में अन्य आरोपियों की 14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है. इससे पहले चव्हाण के घर पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान मिले संपत्ति के दस्तावेज फर्जी पाए गए थे. आरोपी पुरूषोत्तम चव्हाण का मुंबई में फ्लैट, आरोपी राजेश बटरेजा की लोनावाला और खंडाला में जमीन, अनिरुद्ध गांधी की कंपनी का पैसा, राजेश शेट्टी की बीमा योजना, भूषण पाटिल के बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट कुल रु। इस मामले में अब तक 182 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है.

# वाहन फिटनेस व प्रमाण पत्र क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करना होगा



**ठाणे.** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से वाहन के फिटनेस व प्रमाण पत्र के नुतनिकरण के लिए रोजाना 50 रुपये विलंब शुल्क जमा करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।विलंब शुल्क मुफ्त/विलंब शुल्क में छुट देने के लिए ऑटो रिक्सा-टैक्सी चालक संघटन व विविध परिवहन के वाहन मालिकों संघटन आवेदन प्राप्त है।राज्य सरकार ने वाहन मालिकों व तमाम संघठन के मांग पर विचार विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रस्ताव पारित कर मान्यता दे दिया।जिसके तहत परिवहन मंत्री ने विधानसभा में निवेदन जारी कर 15 साल के भीतर के सभी वाहनों को प्रमाण पत्र व वाहन फिटनेस के लिए 50 विलंब शुल्क अगले आदेश तक बंद कर दिया।इसके अनुपालन में सरकार ने अपने निर्देश 11 जुलाई 2024 के आदेशानुसार विलंब शुल्क लगाने की प्रक्रिया को अगले आदेश तक निलबिंत कर दिया।

इसलिए सभी वाहन मालिकों से निवेदन है कि सरकार के इस आदेश का पालन करते हुए वाहन फिटनेस व प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के लिए वाहन को क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करना होगा।ठाणे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटील ने यह आवाहन किया है।




توهان کي وڏا گهر کپن ته مون سان سمپرک کيو

**NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.**
NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD. ESTD. 1985
HEAD OFFICE : BHAWANI SAW MILLS COMPOUND, ULHASNAGAR- 421 003.
Tel. : 0251- 2572101/ 2568541. Email : headoffice@njcb.in

**NOTICE OF THE 40th ANNUAL GENERAL MEETING**

Notice is hereby given that the **40th Annual General Meeting** of the Bank is scheduled on **Sunday the 28th July, 2024, at 11.00 a.m. at Regency & Regal Hall,** 2nd floor, Anil Complex, New Link Road, Near Sapna Garden, Ulhasnagar-3. The following business will be transacted at the Meeting.

**Agenda of the Meeting**

1. To read and confirm the minutes of the last Annual General Body Meeting held on 13th August, 2023.
2. To consider and adopt the Annual Report of the Bank for the F.Y. 2023-24, Audited Profit & Loss account for the year ended 31st March, 2024 and Balance Sheet of the Bank as on that date.
3. To consider and adopt Statutory Auditor's Report from M/s. Yardi Prabhu & Associates LLP for the F.Y. 2023-24, and also Rectification Report of the earlier audit.
4. To ratify the Appropriation of Profit for the F.Y. 2023-24.
5. To ratify appointment of Statutory Auditor of our Bank for the F.Y. 2024-25, from the list of panel of Statutory Auditors approved by the Co-Op. Dept., Maharashtra State, Pune after due approval from Reserve Bank of India vide their Circular Ref. No. RBI/2021-22/25 Ref. No. DoS. CO.ARG/SEC.01 /08.91.001/2021-22 dtd. April 27, 2021.
6. To take note of the Annual Budget of the Bank for F.Y.2024-25.
7. To take note of waiver of Rs.20.54 lakhs against the recovery of Rs.15.54 lakhs in four Accounts under OTS Scheme introduced by Government of Maharashtra.
8. To consider Statement showing Loans and advances to directors and their relatives as on 31st March, 2024
9. To transact any other business with the permission of the chair.

Place: **Ulhasnagar**
Date: **15th June, 2024**

By order of
Board of Directors

**Note:**

1. If the meeting is adjourned for want of quorum, the same will be held at 11.30 a.m. on the same day at the same place and the agenda of the meeting will be transacted at such meeting irrespective of the quorum.
2. Soft copies of the annual report will be made available on website of the Bank **www.navjeevanbank.com**
3. Members desiring to have any information or offer suggestions or put any questions are requested to do so in writing/E-mail the same to Head Office of the Bank atleast five days in advance before the date fixed for the meeting. **Please note that Questions not related to agenda will not be discussed in the meeting.**
4. Share certificates are ready till date and all Shareholders are earnestly requested to collect their Share Certificates from the Bank at the earliest and also to inform change of address, if any.
5. Members who have not collected dividend for the year 2020-21, are requested to collect the same immediately; if not collected **before September 30, 2024**, the same will be **forfeited and transferred to Reserve Fund** in accordance with the provision of bye-laws. The information may be treated as official notice to concerned members.
6. The Members are requested to intimate change in address to Head Office, to enable us to dispatch Notice of AGM and dividend warrants to their correct address as many Notices and Dividend Warrants are returned back to us undelivered.
7. Members are requested to ensure that their Accounts with us are Active and KYC compliant, if not done, please comply immediately.

***The Bank felicitates meritorious children of Shareholders, applications are invited for the same from the Hon'ble Members. Kindly attach copy of Mark sheet only for the year 2023-24, a copy of Membership Certificate of their Parents and KYC documents of the student.***

***Please get in touch with Bank officials for further details.***

***Members can collect copy of 40th Annual Report for the year 2023-24 from their nearest branch / Head office.***

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099